# हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती महोत्सव का हुआ शुभारंभ

खेतडी,(निसं)। खेतडी के राजकीय अजीत उप जिला अस्पताल परिसर में हनुमान जयंती के उपलक्ष पर मंदिर में हनुमान जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों की ओर से बजरंगबली की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया।

मंदिर में पंडित विनोद कुमार मिश्रा व अजय सुरोलिया के सानिध्य में हनुमान जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें अस्पताल के कर्मचारियों ने हनुमान चालीसा का पाठ कर बजरंगबली की जय जय कार के नारे लगाए। पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि अस्पताल परिसर में बने श्री हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें हनुमान जी की विधिवत पूजा के पश्चात महाआरती कर देशी घी के लड्डू का भोग लगाया गया। वहीं श्रृद्धालुओं ने करीब तीन घंटे तक भजन कीर्तन कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान मंदिर प्रांगण में बजरंगबली के जय जयकार के नारे गूंज उठे। पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि, इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होने से प्रत्येक व्यक्ति को सनातन धर्म संस्कृति की जानकारी



हनुमान चालीसा का पाठ कर बजरंगबली की जय जय कार की ।

उपलब्ध हो पाती है। इस प्रकार के कार्यक्रमों में सर्व समाज के प्रत्येक व्यक्ति को शामिल होकर अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हनुमान जयंती का त्यौहार हिंदू धर्म में बहुत ही उत्साह पूर्वक मनाया जाता है। हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए गाय की सेवा करने से पुण्य हासिल किया जा सकता है। हमारे लिए हनुमान जयंती सहित कई ऐसे पर्व है, जो धूमधाम से मनाए जाते हैं।

यहां हजारों श्रद्धालु भगवान के दर्शन लाभ प्राप्त करते हैं। इसके अलावा खेतडी की ऐतिहासिक हनुमानगढी से हनुमान जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। ठिकाने के समय से चली आ रही

■ मंदिर में गूंजे बजरंगबली के जय जयकार के नारे, श्रृद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

परंपरा के अनुसार निर्वहन किया गया। हनुमानगढी में खुदाई के दौरान हनुमानजी की प्रतिमा निकली थी, जिसके बाद से अखंड रामायण पाठ का आयोजन कर शोभायात्रा निकाली जाती है।

वहीं संजयनगर पंचायत की ढाणी मीना वाली में भी ग्रामीणों की ओर से हनुमान जयंती महोत्सव मनाकर आमजन की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर पीएमओ डॉ. अक्षय कुमार शर्मा, डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा, डॉ. हर्ष सौभरी, डॉ. संदीप डांगी, जगदीश सिंह शेखावत, विजयपाल सैनी, बाबूलाल, सहीराम वर्मा, राजेंद्र सैनी, अशोक कुमार, अमित कुमार, सुरेंद्र गुर्जर, राजवीर भरगड, जितेंद्र गुर्जर, संदीप चौपदार, दीपक राणा, संजय भूरिया, सिकंदर वर्मा, संदीप कुमार, कविता, मुनेष धायल, बलेश गुर्जर, मुन्ना लाल, सुभाषचंद्र सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ तहसील क्षेत्र के-गांव लम्बोर बडी के ग्रामीणों ने एकत्रित होकर घरों के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन विद्युत लाइन को हटवाने तथा गांव में खडे जर्जर विद्युत पोल को बदलवाने की मांग को लेकर मंगलवार को विरोध प्रदर्शन कर आक्रोश जताया।

बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। गांव के पूर्व सरपंच-कृष्ण कुमार मीणा व महेन्द्र मेघवाल ने बताया गया कि गांव में घरों के उपर से हाई टेंशन विद्युत लाइन गुजर रही है, जिसके कारण कभी भी हादसा हो सकता है तथा जर्जर विद्युत पोल पर ट्रांसफार्मर रखा हुआ है जो मुख्य रास्ते पर होने के कारण हर समय हादसा होने का अंदेशा बना रहता है। शिकायत के बावजूद अभी तक समस्या का समाधान नहीं कराया गया है।

लम्बोर बडी गांव में धार्मिक स्थल मंशा माता मंदिर को जाने वाला मुख्य रास्ता है, जहाँ पर दिन भर आवागमन बना रहता है। विद्यालय में जाने वाले छात्र व स्कूल बसें भी यही से होकर गुजरती हैं।-तथा बताया कि गांव में खडे जर्जर विद्युत पोल हादसे को दावत दे रहे हैं। कई बार अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है। लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं कराया गया है। ऑनलाइन भी शिकायत दर्ज की जा चुकी है, मगर अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है। ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान कराए जाने की मांग की है।

## सार-समाचार

### भक्तों ने गौशाला आकर की गौ सेवा



झुंझुनूं,(निसं)। हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर जयपुर एवं मुंबई से पधारे प्रवासी बंधुओं ने श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं आकर अपने हाथों से गौ माता को गुड, गेहूं के आटे से बनी रोटियां एवं हरा चारा इत्यादि खिलाकर गौ सेवा की। इस अवसर पर गोपाल गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, डॉक्टर डीएन तुलस्यान एवं परमेश्वर हलवाई ने प्रवासी वीणा दीनबंधु जालान मुंबई, सरला रमेश जगनानी जयपुर, रजनी गिरीश अग्रवाल, स्नेहलता ओमप्रकाश अग्रवाल एवं बबीता सुधीर गाडिया जयपुर का दुपट्टा ओढाकर एवं गौ माता का प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत अभिनंदन भी किया। प्रवासी बंधुओं ने श्री गोपाल गौशाला का अवलोकन कर व्यवस्थाओं को देखकर मुक्त कंठ से कार्यकारिणी एवं गो भक्तों की सराहना की।

### विशेषज्ञ की नियमित सेवाएं प्रारंभ

`(निसं)।ई.सीए.चए.स.,आर.जीए.चए.स.,आयुष्मान आरोग्य योजना में न्यूरो संबधित समस्याओं के ईलाज हेतु शहर के ढूकिया अस्पताल में न्यूरो स्पाइन विशेषज्ञ की नियमित सेवाएं प्रारम्भ कर दी गई हैं। अस्पताल संचालिका डॉ. मोनिका ढूकिया ने बताया कि डॉ. बी सूर्यनारायण नायडू जो न्यूरो एंड स्पाइन विशेषज्ञ है व 30 वर्षों का अनुभव रखते हैं अपनी नियमित सेवाएं 24 गुणा 7 ढूकिया हॉस्पिटल में देगें। डॉ. नायडू पहले मणिपाल हॉस्पिटल हैदराबाद, उस्मानिया मेडिकल कॉलेज हैदराबाद में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। डॉ. उमराव सिंह कुलहरी (गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ) ने बताया कि अस्पताल की सेवाओं में विस्तार हुआ जिसका लाभ जिलेभर के विभिन्न योजनाओ के लाभार्थियों फौजी, सरकारी कर्मचारियों सहित आमजन और उनके परिवारजनों को मिलेगा।

### पक्षियों के लिए परिण्डे बांधे

सीकर,(नि.सं.)।लायंस क्लब सीकर डायमंड के सदस्यों द्वारा साधारण मीटिंग मे एक अहम फैसला लिया गया। इसके तहत हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए घर.घर परिंडा अभियान कार्य शुरू किया गया। क्लब अध्यक्ष लायन डॉक्टर प्रीति जैन ने बताया कि,लायंस क्लब सीकर डायमंड परिंडे लगाने की गतिविधि पूरे माहवार करेगा। क्लब सचिव लायन पूनम शर्मा ने अपने घर से परिंडे लगाने की शुरुआत करते हुए सभी क्लब सदस्यों से अपने घर पर परिंडे लगाने के लिए आग्रह किया। साथ ही आसपास की दुकानों पर भी परिंडे बांटे गए ताकि लोग अपने-अपने घरों की छतों पर पक्षियों के लिए परिंडे लगा सके। साथ ही क्लब के सदस्य आस पास के लोगों को परिंडों में नियमित अंतराल पर पानी एवं चुग्गा डालने के लिए प्रेरित करेंगे। इस दौरान कार्यक्रम मे लायन डॉक्टर प्रदीप जैन, लायन पल्लवी जैन, लायन सज्जन अग्रवाल, लायन देवेंद्र सोनी आदि क्लब सदस्य मौजूद रहे।

### नेत्र रोग जांच शिविर आयोजित

रतनगढ़,(निसं)। राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा रतनगढ़ एवं टीबड़ा आई हॉस्पिटल सीकर के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क कंप्यूटर से जांच एवं दवा वितरण का शिविर में मंगलवार को राजस्थान पेंशनर भवन में आयोजित किया गया। शिविर में डॉ नंदकिशोर टीबड़ा की टीम के प्रभारी जितेंद्र कुमार, विकास कुमार तथा धर्मेंद्र कुमार द्वारा जांच एवं दवा वितरण का कार्य संपन्न किया। शिविर में कुल 52 रोगियों की जॉच की गई, उनमें से 11 रोगी ऑपरेशन के लिए चयनित किए गए, जिनका ऑपरेशन सीकर में किया जाएगा। शिविर के दौरान सत्यनारायण सेवदा अध्यक्ष, बद्री प्रसाद बंसिया कोषाध्यक्ष, पीरुमल प्रजापत मंत्री, ओम प्रकाश जांगिड़ उपाध्यक्ष, विनोद कुमार प्रजापत, बजरंगलाल प्रजापत, पन्नालाल सोनी, रामदेव शर्मा, बाबूलाल माली ने सहयोग प्रदान किया।

### धूमधाम से मनाई हनुमान जयंती

बिसाऊ,(निसं)। कस्बे में नंदपुर बालाजी धाम मंदिर में आज हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई मंदिर को रोशनी से सजाया गया एवं बालाजी महाराज को फूलों से सजाया गया इस अवसर पर काफी संख्या में महिलाएं पुरुष एवं बच्चों ने हनुमान जी के दर्शन किए और मन्नतें मांगी काफी वर्षों बाद पूर्णिमा मंगलवार को होने पर लोगों ने हनुमान जी के दर्शन किए इस अवसर पर मेले में पुलिस प्रशासन भी मुस्तेज रहा काफी संख्या में दुकान लगाई गई जहां पर दर्शनाथियों ने अलग-अलग व्यंजन खाकर के आनंद लिए इसी प्रकार गणगौर वाले कुए के बालाजी धाम पर भी बालाजी को फूलों से सिंगार किया गया तथा मंदिर को रोशनी से सजाया गया सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया ।

### मंदिर में गुंजी सुंदरकांड की चौपाईयां

चूरू,(का.सं.)। रेलवे कॉलोनी स्थित लोको वाले बालाजी मंदिर में सोमवार रात्रि को संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।हनुमान जन्मोत्सव को लेकर कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तों ने सुंदरकांड पाठ का आनंद लिया। मंगलवार सुबह हवन व पूजा अर्चना की गई। इस अवसर , नंदकिशोर बरोड़, शशांक भारद्वाज ने सपत्नीक हवन में पूर्णाहुति दी।

## ए.बी.वी.पी. की ब्लड डोनर डायरेक्टरी

बीकानेर, (कासं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से नवाचार करते हुए ब्लड डोनर डायरेक्टरी करने जा रहा हैं।

एसएफएस संयोजक राघव संतोष सरोलिया ने बताया बीकानेर स्टूडेंट फॉर सेवा गतिविधि के कार्यकर्ता ब्लड डोनर डायरेक्टरी तैयार करेगा। उन्होंने बताया कि बीकानेर महानगर कार्यकारणी द्वारा समाज में कहीं ना कहीं रक्त की कमी रहने के विषय को ध्यान में रखते हुये महानगर स्टूडेंट फॉर सेवा गतिविधि के दौरान ब्लड डोनर डायरेक्टरी तैयार करने का अभियान लिया है। जिसमें बीकानेर में आने वाले विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, कोचिंग संस्थान के विद्यार्थियों के साथ जुड़कर बड़ी संख्या में ब्लड डायरेक्टरी तैयार करेंगे। इसके लिए महानगर स्टूडेंट फॉर सेवा टोली द्वारा त्तक्र कोड़ तैयार किया गया है जिसमें स्कैन करने के बाद गूगल फॉर्म जनरेट होगा। इसके खुलने के बाद विद्यार्थी अपनी जानकारी जिसमें नाम, मोबाइल नंबर, पता, वजन, ब्लड ग्रुप यह जानकारी साझा करेंगे। इसके बाद गूगल फॉर्म का डेटा एक ईमेल पर एकत्रित होगा। इसके बाद इस नाम से वेबसाइट बनाई जायेगी। इसके बाद जब भी किसी जरूरतमंद को ज़रूरत होगी तो जानकारी निकाल सकेंगे। विभाग संगठन मंत्री पूनम शेखावत ने बताया कि एसएफएस कार्यकर्ताओं के साथ साथ बीकानेर महानगर मेडीविजन आयाम के कार्यकर्ता साथ- साथ रहेंगे।

## 'डिप्रेशन क्यों, जीवन का उल्लास क्यों नहीं' विषय पर परिचर्चा का आयोजन

चूरू,(का.सं.)। युक्ति सामाजिक शोध संस्थान, चूरू द्वारा नगर श्री सभागार में डिप्रेशन क्यों जीवन का उल्लास क्यों नहीं विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर कमल सिंह कोठारी ने की मुख्य अतिथि डॉ. एम.एल.श्यामसुखा थे। मुख्य वक्ता के रूप में जैन विश्वभारती संस्थान, लाडनूं के संस्कृत एवं प्राकृत विभाग की प्रोफेसर समणी डॉ.कुसुमप्रज्ञा थी। कार्यक्रम का शुभारंभ अन्नू बांठिया ने अणुव्रत गीत से किया। मुख्य अतिथि डॉ. एम एल श्यामसुखा ने कहा की आज की युवा पीढ़ी में शिक्षा एक बड़ा कारण

■ कार्यक्रम का शुभारंभ अन्नू बांठिया ने अणुव्रत गीत से किया

है। डिप्रेशन का आज की शिक्षा से केवल बौद्धिक विकास होता है यह सर्वांगीण विकास नहीं करती मुख्य वक्ता प्रोफेसर समणी कुसुमप्रज्ञा ने कहा कि चूरू की भूमि मेरे लिए वैराग्य की भूमि है। मैंने इसी धरती पर दीक्षा लेने का प्रण किया और कहा की हम व्यर्थ का चिंतन अधिक करते हैं या तो भूतकाल का सोचते हैं या भविष्य का जिस कारण हम वर्तमान को डिप्रेशन युक्त कर लेते हैं। हमें हर स्थिति में प्रसन्न और सकारात्मक रहना चाहिए क्योंकि समय एक जैसा नहीं रहता सुख और दुख जीवन के अंग है। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रोफेसर कमल सिंह कोठारी ने कहा आज के युग में महिला.पुरुष, वृद्ध ,जवान, बच्चेए अमीर -गरीब सभी डिप्रेशन में है इसके कई कारण हैं। जैसे समाजिक, शारीरिक, आर्थिक आदि हमें इन सब पर गहनता से विचार करना होगा नहीं डिप्रेशन भविष्य में एक विकराल समस्या बन जाएगी । कार्यक्रम के चर्चा सत्र में मेडिकल कॉलेज चूरू के मनोरोग विभाग के डॉ. अजिताभ सोनी, अधिवक्ता हकीम अहमद खान ने अपने विचार रखे विजयलक्ष्मी शर्मा ने एक गीत प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं ने समणी डॉ. कुसुमप्रज्ञा का अभिनंदन किया। जिसमें हिंदी साहित्य संसद की ओर से बनवारी लाल शर्मा, तेरापंथ सभा के अध्यक्ष नरेंद्र कोठारी, तेरापंथ महिला मंडल की मुन्नी कोठारी, अमन ट्रस्ट के सद्दाम हुसैन, अपेक्स वेलफेयर सोसाइटी के निर्मल कौशिक, प्रेक्षा वाहिनी की संवाहक मुन्नी डागा, अणुव्रत समिति की लक्ष्मी कोठारी, उज्जवल उत्थान फाउंडेशन के अजय गोयल ने अभिनंदन किया।

## स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया हनुमान जन्मोत्सव

झुंझुनूं,(निसं)। चूणा चौक राणी सती रोड स्थित झुंझुनूं प्रगति संघ मुंबई द्वारा संचालित आदर्श बाल निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को प्रात: 8 बजे हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि झुंझुनूं प्रगति संघ मुंबई के पूर्व अध्यक्ष, स्कूल एलुमनी सीए दीनबंधु जालान, वीणा जालान, विशिष्ट अतिथि जयपुर से पधारे स्कूल एलुमनी झुंझुनूं प्रगति संघ जयपुर के पूर्व अध्यक्ष रमेश जगनानी, सरला जगनानी थी।

विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा अतिथिगणों का तिलकार्चन कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मां सरस्वती की मुख्य प्रतिमा पर अतिथिगणों द्वारा पुष्प अर्पित किए गए। हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर

■ हनुमान जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए हमेशा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित बने

पर सभी अतिथिगणों, सचिव एवं स्थानीय कमेटी सदस्यों द्वारा हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई ।

इस अवसर पर माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। विद्यालय सचिव परमेश्वर लाल हलवाई ने अपने स्वागत भाषण के माध्यम से सभी अतिथिगणों का स्वागत किया एवं बच्चों को उद्‌बोधित करते हुए कहा कि हनुमान जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए हमेशा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित बने। मुख्य अतिथि सीए दीनबंधु जालान ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हर कार्य को जल्दबाजी में नहीं करके हनुमान जी की तरह बुद्धि के साथ सोच विचार कर करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि रमेश जगनानी ने भी इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए आगे बढने हेतु प्रेरित किया। विद्यालय प्रधानाचार्य डॉक्टर अजय कुमार ने पधारे हुए सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की हमेशा हनुमान जी की भांति लक्ष्य के प्रति एकाग्र रहना चाहिए। यह एकाग्रता निश्चित रूप से जीवन के हर क्षेत्र में आपको सफलता दिलाएगी।

## पोस्टल बैलेट से मतदान करवाने के निर्देश

चूरू, (का.सं.)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान 24 व 25 अप्रैल 2024 को जिले के सभी विधानसभा मुख्यालयों पर संचालित सुविधा केंद्रों पर द्वितीय चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए ही पोस्टल बैलेट से मतदान करवाने के निर्देश दिए गए हैं। पोस्टल बैलेट प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारी एवं सीईओ मोहनलाल ने बताया कि निर्वाचन विभाग राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार द्वितीय चरण में जिन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव सम्पन्न होने हैं। उन्हीं निर्वाचन क्षेत्रों के कर्मचारियों का डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करवाये जाने के निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में जिन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं।

## सुंदरकांड पाठ के बाद हुई महा आरती, उमड़े श्रद्धालु

चिड़ावा,(निसं)। शहर की कॉलेज रोड पर पोद्दार पार्क सनातन आश्रम में भायला हनुमान मंदिर में धार्मिक आयोजन हुए। आयोजन के तहत सुबह सनातन आश्रम के अधिष्ठाता प्रभु शरण तिवाड़ी के सानिध्य में हनुमत ज्योति मंगलपाठ हुआ। दोपहर बाद संगीतमय सुंदरकांड पाठ हुआ। शाम साढ़े छह बजे महा आरती हुई।

जिसमें बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। इसके बाद भगवान को प्रसाद समर्पित किया गया। सभी श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान सुरेन्द्र पारीक, कांति प्रसाद हलवाई, पवन ढाणी वाला, अनिल लांबीवाला, तेजप्रकाश सोनी, शिवलाल सैनी, गोपाल महमियां, रत्तीराम राजोतिया, मनीराम जांगिड़, महेंद्रपाल, प्रमोद

■ आयोजन के तहत सुबह सनातन आश्रम के अधिष्ठाता प्रभु शरण तिवाड़ी के सानिध्य में हनुमत ज्योति मंगलपाठ हुआ

सुल्तानिया, मातादीन शर्मा, संजय ओझा, अजय महमिया, कृष्ण सारस्वत सहित काफी श्रद्धालु शामिल हुए।इसी तरह शहर के कबीर टीला मंदिर, चमत्कारी बालाजी, गणेश मंदिर के पास हनुमान मंदिर, बापू बाजार मंदिर सहित शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी भव्य आयोजन हुए।

## 'युवती को न्याय दिलाने की मांग को लेकर बंद रहा चूरू'

चूरू,(का.सं.)। शहर के होटल सनसिटी के ब्यूटी पार्लर में 24 वर्षीय बुलबुल का शव मिलने की घटना के तीन दिन बाद मंगलवार को चूरू के बाजार बंद रहे। प्रदर्शनकारियों ने बुलबुल को न्याय देकर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की।

सनातन सुरक्षा फाउंडेशन की ओर से यहां बन्द का आव्हान किया गया। शहर के मुख्य बाजार, उतरादा बाजार, रामगढ़िया दरवाजा, जैन मार्केट, राम मंदिर, शास्त्री मार्केट और रेलवे स्टेशन

■ प्रदर्शन कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की



चूरू में युवती को न्याय दिलवाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया ।

सहित प्रमुख बाजारों में दुकाने बंद रही। इधर दूसरी सनातन सुरक्षा फाउंडेशन और अन्य संगठनों के कार्यकर्ताओं ने गढ़ चौराहे पर विरोध प्रदर्शन कर जाम लगाया। विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए डीएसपी सुनील झाझड़िया, कोतवाली थानाधिकारी मुकुट बिहारी, सदर थानाधिकारी बलवंतसिंह, महिला थानाधिकारी करतार सिंह, रतननगर थानाधिकारी जयप्रकाश, दूधवाखारा थानाधिकारी रतनलाल व भालेरी थानाधिकारी जगदीश प्रसाद सहित पुलिस का जाब्ता शहर में तैनात किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए गढ़ चौराहे पर आरएसी भी तैनात की गई।

धरने पर बैठे प्रतिनिधियों ने बुलबुल प्रकरण में दोषियों को गिरफ्तार कर निष्पक्ष जांच के साथ कड़ी कार्रवाई करने, शहर के कुछ होटल और कैफे में चल रही अनैतिक गतिविधियों को रोकने व अनैतिक गतिविधियों में लिप्त होटलों पर बुलडोजर चलाने की मांग की गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर एसडीएम बृजेन्द्र सिंह व डीएसपी सुनील झाझड़िया पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से वार्ता की। वार्ता के बाद मांगो पर सहमति बनी। जिसके बाद जाम हटाया गया। धरने को बुधगिरी आश्रम फतेहपुर के संत दिनेश गिरी ने भी संबोधित किया।

डीएसपी सुनील झाझड़िया ने प्रदर्शनकारियों की मांगों को धैर्यपूर्वक सुना। सभी मांगों पर सहमति बनने के बाद जाम हटाया गया है। गौरतलब है कि शनिवार की रात शहर के वार्ड 27 की 24 वर्षीय युवती बुलबुल का शव होटल सनसिटी के ब्यूटी पार्लर में फंदे से लटका हुआ मिला था। पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया था। बुलबुल के परिजनों ने हत्या की आशंका और सुसाइड के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया था।

जिसके बाद पुलिस के द्वारा अरशद, अमजद और मुजफ्फर को राउंडअप किया गया था। मामले में अभी तक पुलिस के द्वारा हत्या या आत्महत्या की गुत्थी नहीं सुलझाई गई और ना ही आरोपियों की गिरफ्तारी दिखाई गई। जिसके कारण लोगों में काफी आक्रोश देखा गया।

## दो दिवसीय धार्मिक आयोजन सम्पन्न

रतनगढ़,(निसं)। श्रीअंजनी माता महावीर हनुमान मंदिर का पांचवां प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर हुए दो द्विवसीय धार्मिक आयोजन सम्पन्न हुआ।

हनुमान जन्मोत्सव पर हुए दो दिवसीय बाबा भक्त हनुमान जी पारीक के निर्देशानुसार श्री अंजनी माता महावीर हनुमान मंदिर ट्रस्ट मुम्बई द्वारा आयोजित दो दिवसीय धार्मिक आयोजन के अन्तर्गत मंगलवार को अजय सिंह एण्ड पार्टी द्वारा विशाल भजन संध्या का आयोजन किया। कार्यक्रम की रूपरेखा तुलसीराम पाण्डे ने तैयार की। अजय सिंह एण्ड पार्टी द्वारा बालाजी के सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। जागरण में महिला पुरूषों ने तालियां की धुन पर झूम कर आनन्द उठाया। सुबह महावीर हनुमान की विशेष ज्योत तथा तुलसीराम पाण्डे द्वारा सामूहिक सुन्दरकाण्ड का पाठ का आयोजन किया। महाप्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें कस्बे के काफी महिला पुरूष मोजूद रहे। कार्यक्रम में विमलादेवी गुरूमाता,अरूण सरार्फ, करण सर्राफ, मोहित गुप्ता, मनोज पारीक पुजारी संकटमोचन, राधेश्याम पारीक, डुंगर पुजारी,बजरंग पुजारी, हेमराज पारीक, राजा, मोहित पारीक, अंकित, पवन पुजारी, सौरभ, राम, सक्षम, रिषभ, सन्नु पारीक, लक्ष्मी पारीक, सुनिता, खुश्बू, कृष्णा, सीमा, सहित कस्बे के सैकडो महिला पुरूष मौजूद थे।

## गंदे पानी को लेकर पूर्व सैनिकों ने विरोध प्रदर्शन किया

सादुलपुर, (निसं)। कस्बे के शहीद स्मारक के सामने जमा गंदे पानी को लेकर मंगलवार को पूर्व सैनिकों ने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया है। पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष जगत सिंह ने बताया कि मंगलवार शाम को शहीद स्मारक के सामने बनाए गए बिना किसी माप दण्ड के नाले के कारण गन्दा पानी जमा हो गया।

तथा हाल यह हो गया है कि मुख्य द्वार के सामने जमा गंदे पानी के कारण शहीद स्मारक से आवागमन बंद हो गया। अनेकों बार लिखित और मौखिक

■ पूर्व सैनिकों ने बन रहे नाले का निर्माण सही ढंग से करवाने की मांग की

शिकायत के बावजूद समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि शहीद स्मारक के सामने भरने वाला बरसाती गन्दे पानी की निकासी को लेकर लम्बे समय से पूर्व सैनिकों की माँग चली आ रही है। जगत सिंह ने बताया कि सरकार ने पिलानी मोड से रेलवे स्टेशन होते हुए शहीद स्मारक तक गंदे पानी के निकासी के लिए नाला निर्माण करवाया है, लेकिन दस माह बीत जाने के बाद भी नाले का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है।

उन्होंने बताया कि बनाए गए नाले का निर्माण सही नहीं हुआ है। शहीद



पानी निकासी की माँग करते पूर्व सैनिक संघ राजगढ के पदाधिकारी

स्मारक के पास भरने वाला बरसाती और गन्दा पानी जाना तो चाहिए पिलानी मोड पर स्थित जोहड में लेकिन नाले का सही निर्माण नहीं होने के कारण शहीद स्मारक क्षेत्र का पानी शहीद स्मारक के सामने ही जमा हो रहा है। उन्होंने बताया कि अगर नाला निर्माण पूर्ण होने पर भी शहीद स्मारक के सामने से बरसाती गन्दा पानी जोहड में जाने की बजाय अन्य क्षेत्र का पानी शहीद स्मारक के सामने आकर जमा होगा। तथा आगामी बरसात के मौसम में शहीद स्मारक के पास हाल बेहाल हो जाएगा। उन्होंने बन रहे नाले का निर्माण सही ढंग से करवा कर शहीद स्मारक के सामने जमा होने वाले बारिश और गंदे पानी की निकासी की मांग की है। इस मौके पर पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष जगत सिंह, उपाध्यक्ष सुबेदार मोहरसिंह, बलवान फगेडिया, शीशराम पूनिया, हवलदार घासी राम बनवारीलाल मुंड, विक्रम सिंह, अन्तर सिंह, नत्थू राम जांगीड, विजय सिंह, धनराज पूनिया, धीरसिंह शेरसिंह कडवासरा सहित दर्जनों पूर्व सैनिकों ने मांग के समर्थन में विरोध प्रदर्शन करते हुए शीघ्र समस्या का स्थाई निराकरण करने की मांग की है।